स्वाध्याय

करके दिखाइए :

प्रश्न 1. पहेली को पूर्ण कीजिए:

(1) काजल

.... अक्षर से बुलाते मुझे,

.... में हैं बसाते मुझे।

अंत कटे तो '............' कहलाऊँ,

.... कटे तो 'काल' बन जाऊँ।

उत्तर : तीन अक्षर से बुलाते मुझे,

आंखों में हैं बसाते मुझे।

अंत कटे तो 'काज' कहलाऊँ,

मध्य कटे तो 'काल' बन जाऊँ।

श्न 2. पहेलियाँ बनाइए :

(1) दीपक (प्र2) पहेली

उत्तर:

(1) तीन अक्षर का मेरा नाम,

उजाला देना मेरा काम।

आदि कटे तो मैं 'पक' जाऊँ,

अंत कटे तो 'दीप' कहलाऊँ।

(2) तीन अक्षर का मेरा नाम,

दिमाग को उलझाना मेरा काम।

आदि कटे तो बन जाऊँ 'हेली'

मध्य कटे तो प्रेम से 'पली'।

प्रश्न 3. बहुवचन में परिवर्तन करके वाक्य फिर से लिखिए :

उदाहरण : <u>लड़की</u> खेल रही है - <u>लड़कियां</u> खेल रही हैं।

उत्तर

(1) लड़का पानी पीता है - लड़के पानी पीते हैं।

(2) किताब सुंदर है। - किताबें सुंदर हैं।

(3) वह जाता है। - वे जाते हैं।

(4) फूल खिला है। - फूल खिले हैं।